# बी डी एल में रक्षा उत्पाद प्रदर्शनी आयोजित









बी डी एल 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर दि. 11 से 12 अगस्त, 2023 तक कंचनबाग इकाई, हैदराबाद में एक उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है।

श्री नूका श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त), बी डी एल ने आज बी डी एल कंचनबाग परिसर में इस उत्पाद प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. उपेंदर वेन्नम, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बी डी एल सहित उद्यम के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस दौरान टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, मिसाइ लॉंचर, अंतर्जलास्त्र, प्रतिमारक प्रणालियाँ आदि उत्पादों के मॉडल प्रदर्शित किये गये।

यह प्रदर्शनी स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए दोनों दिन सुबह 10.00 बजे से शाम 15.30 बजे तक खुली रहेगी।

इस अवसर पर श्री श्रीनीवासुलू ने कहा कि बीडीएल स्कूल और कॉलेज के छात्रों में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उभरती नई प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता लाने और उनकी कक्षाओं से परे सीखने का अनुभव प्रदान करने के लिए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहा है ।

बी डी एल ने 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के अंतर्गत एम एस एम ई के माध्यम से देशीकरण अभियान को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विक्रेता मिलाप कार्यक्रम का भी आयोजन किया है। सरकारी आई टी आई, पुराना शहर, हैदराबाद, में निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

---xxx---